20 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 3/20/2025 10:01 PM Page 1

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 21 मार्च 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 विश्व वानिकी दिवस आजः रोजी-रोटी के लिए वनों पर आश्रित रहते हैं कई ग्रामीण



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 25 को

**बलरामपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित भारत युवा संसद 2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। इस श्रृंखला का जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम 25 मार्च को नोडल संस्था शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में सरगुजा, जशपुर और बलरामपुर तीन जिलों के 101 प्रतिभागी भाग लेंगे। भारत सरकार ने शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर को नोडल संस्था के रूप में चिन्हित किया है। संस्था के नोडल प्राचार्य एनके देवांगन ने बताया कि वर्ष 2047 के विकसित भारत विजन में युवाओं के सक्रिय योगदान को ध्यान में रखते हुए यह मंच युवाओं को दिया जा रहा है, ताकि वे देश के विकास पर अपने विचार प्रकट कर सकें। चयनित प्रतिभागियों को राज्य की विधानसभा और देश की संसद में विकसित भारत विजन 2047 पर बोलने का अवसर प्राप्त होगा। प्रतियोगिता का तृतीय चरण जिला स्तरीय पर 25 मार्च को प्रातः 9.30 बजे से शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर के संयोजकत्व में बाजारपारा स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। बलरामपुर, सरगुजा एवं जशपुर जिले के प्रतिभागियों द्वारा 26 फरवरी से 16 मार्च तक अपलोड किए गए वीडियो स्क्रीनिंग के पश्चात 101 प्रतिभागियों का चयन किया गया है।

### लापरवाही पर पंचायत सचिव को किया गया निलंबित

**सूरजपुर।** जनपद पंचायत सूरजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत नरेशपुर में 11 मार्च को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण योजनांतर्गत स्वीकृत आवासों का निरीक्षण जिपं सिईओ द्वारा किया गया, किन्तु ग्राम पंचायत नरेशपुर में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव सुरेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा सूचना प्राप्त होने के बावजूद ग्राम पंचायत में अनुपस्थित पाये गये। ग्राम पंचायत में स्वीकृत आवासों की प्रगति भी संतोषजनक नहीं इस प्रकार ग्राम पंचायत के कार्यों में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरतने के फलस्वरूप सुरेन्द्र विश्वकर्मा, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत नरेशपुर, जनपद पंचायत सूरजपुर को उपरोक्त कृत्य के लिए, छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### जादू टोना के शक पर भाभी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** लाऊ निवासी 22 वर्षीय आरोपी छटू उर्फ छोटू कोरवा आ. कवल साय को मिर्गी की बीमारी थी। मिर्गी की बीमारी ठीक नहीं हो रही थी।



पुलिस ने अनुसार आरोपी आरोपी अपनी बीमारी को लेकर अपने ही घर वालों के ऊपर जादू टोना का शक करता था। इसी बात को लेकर आरोपी ने 19 मार्च की सुबह 9 बजे अपनी भाभी मृतिका लाऊ निवासी 35 वर्षीया श्रीमती फजेला पति महेश पहाड़ी कोरवा को यह कहते हुए डंडा से मारने लगा कि तुम ही जादू टोना की हो।जिसके बाद आरोपी ने मृतिका को जान से मारने की धमकी देते लकड़ी के डंडे से मारपीट कर पत्थर से सर व चेहरा को कुचल कर हत्या कर दिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था।घटना पश्चात कवल साय पिता स्व. पड़ुवा के सूचना पर पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। इस बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी आरोपी ग्रामीणों को परेशान कर रहा है ऐसे में पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी छोटू कोरवा को गिरफ्तार कर लिया है।



रमज़ान मुबारक
बीसवां रोज़ा
आज का इफ्तार - 6.12 बजे
कल की सेहरी - 4.36 बजे

### अब तक दस मामले आए सामने, नगर निगम, मेडिकल कॉलेज अस्पताल के रजिस्ट्रार की फर्जी सील व हस्ताक्षर का उपयोग


# सरगुजा में काम कर रहा फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का गिरोह


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जन्म प्रमाण पत्र एक व्यक्ति की पहचान का सबसे बड़ा आधार है। बिना जन्म प्रमाण पत्र के व्यक्ति को किन किन परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है इसका अंदाजा स्वयं ही लगाया जा सकता है लेकिन अपराधी किस्म के लोग अब लोगो के पहचान से जुड़े इस दस्तावेज से भी खिलवाड़ कर कमाई करने में जुट गए है। शातिर गिरोह द्वारा भोले भाले लोगों को ठग कर उनका फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। सरगुजा में भी गिरोह द्वारा फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने का मामला सामने आया है और अब तक दस फर्जी जन्म प्रमाण पत्र की पुष्टि हो चुकी है। अपराधी इतने शातिर है कि इन्होने हूबहू शासकीय दस्तावेजों जैसे जन्म प्रमाण पत्र बना दिए है और सामान्य लोगों के लिए इन दस्तावेजों को पहचान पाना भी संभव नहीं है। यही वजह है कि प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की चिंताएं बढ़ गई है।

**खास बात**
- जांच में हुई पुष्टि के बाद एफआईआर की तैयारी

बता दें कि हाल ही में कामेश्वर राजवाड़े नामक व्यक्ति ऑनलाइन तैयार किया गया जन्म प्रमाण पत्र लेकर जन्म तिथि सुधरवाने के लिए पहुंचा था और जब च्वाइस सेंटर में उसके जन्म प्रमाण पत्र पर अंकित क्यूआर कोड को स्कैन किया गया तो अधिकारी हैरान रह गए। कामेश्वर राजवाड़े द्वारा लाया गया जन्म प्रमाण पत्र पूरी तरह से फर्जी था। मामला ई सेवा केंद्र पहुंचा तो इसकी जांच की गई। जांच में पता चला कि शासन के ओरिजन वेब साइट्स dc.crsorsgi.gov.in/crs है जिसमे जन्म मृत्यु का पंजीयन किया जाता है मगर जो फर्जी जन्म प्रमाण पत्र है उसमें क्यूआर स्कैन करने पर जो वेबसाइट ओपन हो रहा है वो dc.crsorgi.gov.in.crs है यानी ओरिजन और फेक वेबसाइट में सिर्फ स्लैश (/) और डॉट (.) का ही अंतर है। इतने मामूली से अंतर को कोई भी आम आदमी नहीं पकड़ सकता है। इसके साथ ही इस जन्म प्रमाण पत्र पर जन्म की तारीख 1965 दी गई है जबकि इतने पुराने समय में ऑनलाइन जैसी व्यवस्था ही नही थी। इस फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का मामला प्रकाश में आने के बाद सरगुजा जिले में पिछले कुछ दिनों के अन्दर लगभग 10 फर्जी जन्म प्रमाण पत्रों के मामले सामने आ चुके है। इनमें से छह मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नाम पर जारी किए गए है जबकि 2 नगर निगम वहीं दो अन्य जशपुर व अन्य जिलों से जारी किए गए है। इतने बड़े पैमाने पर फर्जी दस्तावेज सामने आने के बाद जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग में हडकंप मचा हुआ है और मेडिकल कॉलेज प्रबंधन, नगर निगम, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग, जिला ई सेवा केंद्र द्वारा जांच की जा रही है। अब तक की जांच में जो बात सामने आई है वो हैरान कर देने वाली है।





फर्जी जन्म प्रमाण पत्र।

### महज दो साल की उम्र के रजिस्ट्रार का हस्ताक्षर

सरगुजा में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह के फर्जीवाड़े की सभी हदें पार कर दी है और बेखौफ होकर बिना कुछ सोचे समझे जन्म प्रमाण पत्र पर फर्जी तरीके से रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर किए गए। 1965 जन्म तिथि के साथ जिला अस्पताल में बनाए गए प्रमाण पत्र में रजिस्ट्रार के तौर पर डॉ. जेके रेलवानी का हस्ताक्षर किया गया है जबकि 1965 में डॉ. जेके रेलवाली शासकीय नौकरी तो दूर बालिग़ भी नहीं हुए थे। उस समय उनकी उम्र महज 2 साल थी। सबसे बड़ी बात यह है कि मेडिकल कॉलेज सम्बद्ध जिला अस्पताल में जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने की शुरुआत ही 2013 में की गई थी जबकि इसके पहले नगर निगम में जन्म प्रमाण पत्र बनाया जाता था। इसके साथ ही ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया 2021 में शुरू हुई लेकिन जो फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बरामद किए गए है उनमें सभी का जन्म स्थल जिला अस्पताल है और तिथि 2013 के पहले की है।

#### निगम के नाम से भी फर्जीवाड़ा

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह द्वार नगर निगम के नाम का भी उपयोग किया जा रहा है। जांच में यह बात सामने आई है कि जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए नगर निगम रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर का उपयोग किया गया है। जब एक फर्जी दस्तावेज की जांच की गई तो यह बात सामने आई कि नगर निगम के ओरिजिनल जन्म प्रमाण पत्र का कोड 90075 है जबकि फर्जी जन्म प्रमाण पत्र में 90347 कोड या दूसरे कोड अंकित है। इसी तरह ओरिजनल सर्टिफिकेट में नगर निगम अंबिकापुर लिखा होता है जबकि फर्जी बन रहे प्रमाण पत्र में नगरपालिका निगम अंबिकापुर लिखा गया है। सबसे बड़ा फर्जीवाड़ा ये की फर्जी जन्म प्रमाण पत्रों में जन्म स्थान जिला अस्पताल लिखा गया है और जन्म पंजीयन 2024 का है जबकि वर्ष 2013 से ही जिला अस्पताल में पैदा होने वाले का जन्म प्रमाण पत्र जिला अस्पताल से ही जारी किया जाता है। इस मामले में नगर निगम द्वारा भी जांच के बाद एफ़ाइआर की तैयारी की जा रही है।

### 12 सौ लेकर एक दिन में बनाया जन्म प्रमाण पत्र

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के जाल में गांव के भोले भाले ग्रामीण फंस रहे है। ग्रामीणों को किस तरह से फर्जी जन्म प्रमाण थमाया जा रहा है इसका भी एक मामला सामने आया है। जब्त किए गए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र में से एक बतौली विकासखंड रहने वाले बाबूलाल तिर्की के पुत्र मनीष तिर्की के नाम पर है। इस सम्बन्ध में बाबूलाल तिर्की का कहना है कि मनीष तिर्की आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण सस्पेंड हो गया था ऐसे में आधार कार्ड बनवाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। बाबूलाल के कथित मित्र ने उसे जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की बात कही और बाबूलाल तिर्की का आधार कार्ड मागा। कथित मित्र ने बाबूलाल एक दिन में ही बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर दे दिया। इसके बदले बाबूलाल के मित्र ने 12 सौ रुपए लिए थे। हैरानी की बात तो यह है कि एक दिन में किसी भी बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनना संभव नहीं है। बड़ी बात यह भी है कि बतौली के व्यक्ति का जन्म प्रमाण पत्र जशपुर जिले से बनाया गया जिससे इस गिरोह के प्रदेशभर में फैले होने की संभावना जताई जा रही है।

#### चल रही है जांच

टीम का गठन किया गया है। नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी इस मामले की गंभीरता से जांच कर रहे है और जांच रिपोर्ट आते ही मामले में निगम की तरफ से एफआईआर दर्ज कराया जाएगा।

-डीएन कश्यप
आयुक्त नगर निगम

#### करा रहे है है एफआईआर

जन्म प्रमाण पत्र के मामले जांच के बाद पुलिस को इसकी शिकायत की गई है। इस मामले में हमारी ओर से अपराध दर्ज कराया जा रहा है।

-डॉ. आरसी आर्या
अधीक्षक

# जेवर दुकान में नकली सोने का लॉकेट देकर 9 लाख की ठगी के मामले में 7 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



दो साल पहले जेवर दुकान में नकली सोने का लॉकेट देकर 9 लाख रूपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मध्यप्रदेश से गिरोह के साथ लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से सोने की अंगूठी व अन्य समान बरामद किया है। इसके साथ ही गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। पकड़े गये सभी आरोपी राजस्थान और उत्तर प्रदेश के रहने वाले है।

- एमपी से पकड़े गए राजस्थान और यूपी के आरोपी, गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी

बता दें कि नगर के कुंजबिहारी गुप्ता की शिव शक्ति ज्वेलर्स के नाम से दुकान संचालित है। 11 जुलाई 2023 को कुंज बिहारी गुप्ता के बाहर जाने के कारण उनका पुत्र संतोष गुप्ता दुकान में बैठा हुआ था। इस दौरान एक महिला व तीन पुरुष दुकान में आए और उसे जेवर दिखाने को बोला। व्यवसायी ने उन्हें जेवर दिखाए तो आरोपियों ने 5 लाख रूपए का जेवर पसंद किया और भुगतान के दौरान उन्हें बताया कि उनके पास पुराना सोने का लॉकेट और बिल है। पसंद किए जेवर के एवज में लॉकेट रखकर शेष रकम देने की बात कही। इस दौरान उन्होंने 24 नग लॉकेट दिया जिसका वजन 239 ग्राम था। देखने में उक्त लॉकेट सोने का लग रहा था। वजन के बाद पांच लाख रूपए का जेवर और शेस 4 लाख रूपए नगद लेकर चले गये। जाते समय उन्होंने आश्वासन दिया कि 2 दिन बात व्यवसायी कुंज बिहारी गुप्ता के लौटने पर वे रूपए और जेवर लौटाकर लॉकेट ले जाएंगे। पुलिस के अनुसार जब कुंज बिहारी गुप्ता वापस आए तो उन्होंने उक्त लॉकेट की जांच की। जांच में पता चला कि लॉकेट में सोने की पोलिश किया हुआ है। इस ठगी के मामले में पुलिस द्वारा धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। हाल ही में डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुराने लंबित गंभीर अपराधों एवं धोखाधड़ी के मामलों की समीक्षा करते हुए फरार आरोपियों की गंभीरतापूर्वक पतासाजी कर पकड़ने साईबर सेल व थाना सूरजपुर पुलिस को निर्देश दिए। पुलिस की दोनों टीमे लगातार आरोपियों की पतासाजी में लगी रही तथा घटना स्थल के सीसीटीव्ही फुटेज व तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए उनके मूव्हमेंट पर लगातार कड़ी निगाह रखी गई। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस टीम एमपी के हरदाह रवाना हुई थी जहां घेराबंदी कर पुलिस ने सात आरोपियों को पकड़ा है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर ठगी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 2 नग सोने की अंगुठी कीमत करीब 60 हजार रूपए, 7 नग मोबाईल व आधार कार्ड जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एसआई विराट विशी, एएसआई विवेकानंद सिंह, आरक्षक सत्यम सिंह, रामप्रसाद पैंकरा, रविराज पांडेय व अन्य सक्रिय रहे।

#### ये आरोपी हुए गिरफ्तार

पुलिस ने मामले में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। पुलिस ने मामले में राजस्थान के अलवर कठुमर नागलरूपा निवासी 53 वर्षीय अमर सिंह आ. स्व. बाल्यराम, राजस्थान दोसा लालसव इन्दावा निवासी 47 वर्षीय सुभाष नाइ आ. जीवका लाल, राजस्थान बहर्तपुर सैदपुरा निवासी 36 वर्षीय सीताराम आ. राम प्रसाद, यूपी मथुरा जैत के रालगांव निवासी 35 वर्षीय राजेन्द्र सिंह आ. गेरराज, 37 वर्षीय रामबीर आ. महौरपाल, राजस्थान के भरतपुर उदयनगर मडरपुर निवासी 27 वर्षीय महाबीर आ. रामपुल, भरतपुर गैनोली सैदपुर निवासी 23 वर्षीय राकेश आ. राम प्रसाद भाठ को गिरफ्तार किया है।

# बैंक से पैसा निकालकर घर जा रही महिला हुई उठाईगिरी की शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्र में चोर लुटेरों के अलावा अब उठाईगिरो का गिरोह भी सक्रिय हो गया है। तीन दिन पहले राधापुर में व्यवसायी के यहां कट्टे की नोंक पर लूट के प्रयास का मामला सामने आया। पुलिस इस मामले को सुलझा नहीं पाई है और इससे पहले उठाईगीरों के गिरोह ने दिनदहाड़े एक महिला को अपना शिकार बनाकर पुलिस के नाक में दम कर दिया। दोपहर में बाइक सवार दो उठाईगीरों ने बीच सड़क पर महिला से 23 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए सीसी टीवी फुटेज के आधार पर उठाईगीरों की तलाश में जुट गई है।

- दिनदहाड़े इस घटना को अंजाम दे आरोपी हुए फरार

घटना ग्राम सोनतराई के पास दोपहर एक बजे की है। ग्राम खड़ादोरना सावपारा निवासी 40 वर्षीय महिला ललिता गुप्ता अपने पड़ोसी रामकुमार गुप्ता के साथ बाइक से पैसा निकालने जिला सहकारी बैंक सीतापुर आई हुई थी। सीतापुर आने के दौरान महिला घर से तीन हजार रुपये साथ लेकर आई हुई थी। बैंक से 20 हजार रूपए नगदी निकालकर महिला रामकुमार के साथ बाइक में वापस अपने घर जा रही थी तभी ग्राम सोनतराई के पास बाइक सवार दो नकाबपोश उठाईगीर पीछा करते हुए आ गए और दिनदहाड़े महिला के हाथ से पैसा लूटने लगे। छीना झपटी के दौरान जब वो महिला के हाथ से पैसा नही लूट पाए तो चलती बाइक को धक्का मारकर गिरा दिया। बाइक के गिरते ही बाइक चला रहे रामकुमार एवं महिला सड़क पर गिर गए। उनके गिरते ही नकाबपोश उठाईगीर महिला का हाथ पकड़कर मरोड़ दिया और हाथ मे रखे 23 हजार रुपये लूट लिए। सोनतराई में दिनदहाड़े महिला के साथ उठाईगीर की घटना को अंजाम देने के बाद नकाबपोश बाइक सवार भवराडांड होते हुए सीतापुर की ओर भाग खड़े हुए। उठाईगीरों द्वारा लूट के दौरान बाइक को धक्का देकर गिराने से बाइक चालक एवं महिला को काफी चोट लगी है। इस घटना के बाद पीड़ति महिला ने थाने में अज्ञात उठाईगीरों के विरुद्ध सूचना दर्ज करा दिया है। वही बैंक से महिला का पीछा करने एवं लूट के बाद फरार होने की घटना शहर के कई सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गए है। जिसके आधार पर पुलिस एवं साइबर सेल की टीम उठाईगीरों की पतासाजी में जुटी हुई है।फिलहाल उठाईगीरों के बारे में पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि दो अज्ञात बाइक सवार नकाबपोश उठाईगीरों ने उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद शहर में लगे कई सीसी टीवी को खंगाला गया है। जिसमे बाइक सवार दो नकाबपोश उठाईगीर देखे गए है। जिसके आधार पर पुलिस उठाईगीरों की तलाश में जुटी हुई है।



पीड़ित महिला।

### पुलिस ने आरोपी शिक्षक को यूपी से किया गिरफ्तार

# कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 10 लाख रूपए की ठगी करने के मामले पुलिस ने कार्रवाई करते हुए केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने युवक की नौकरी लगवाने के नाम पर रुपए लिए और फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया लेकिन जब मामले का खुलासा हुआ तो आरोपी ने पैसे देने से मना कर दिया। काफी प्रयासों के बाद भी आरोपी ने युवक के चार लाख रुपए नहीं लौटाए जिसके बाद मामले में जांच उपरांत पुलिस ने यूपी से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के हनुमान मंदिर के समीप रहने वाले दिनेश यादव ने 7 अप्रैल 2024 को थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि लगभग तीन वर्ष पूर्व उसकी पहचान पवन कुमार समीर नाम के युवक से हुआ था। युवक केन्द्रीय विद्यालय अंबिकापुर में शिक्षक था। जान पहचान होने के बाद पवन कुमार समीप ने दिनेश यादव के पुत्र की नौकरी स्वास्थ्य विभाग में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर लगवाने की बात करते हुए दस लाख रूपए की मांग की। झांसे में आकर दिनेश यादव ने उसे 10 लाख रूपए दे भी दिए। रूपए लेने के बाद पवन कुमार समीप ने एक नियुक्ति पत्र देकर रायपुर कार्यालय जाने की बात कही। जब दिनेश यादव का पुत्र रायपुर स्थित कार्यालय पहुंचा तो पता चला कि उक्त नियुक्ति पत्र ही फर्जी है। ऐसे में दिनेश यादव द्वारा पवन कुमार समीप से अपने दस लाख रूपए वापस मांगे गए। लम्बे प्रयासों के बाद भी आरोपी पवन कुमार समीर ने सिर्फ 6 लाख रूपए ही लौटाए जबकि शेष 4 लाख रूपए देने से मना कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज किया गया था और मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस की टीम यूपी के अलीगढ़ रवाना हुई थी। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर यूपी के एमआईजी 623 आवास विकास कालोनी सेक्टर 7 बोदला आगरा हाल मुकाम क्वाटर नंबर 313 केंद्रीय विद्यालय स्टाफ कालोनी देवखैनी पीएसी के पास रामघाट रोड अलीगढ़ निवासी 40 वर्षीय पवन कुमार समीप आ. डॉ. होतीलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को भादवि की धारा 420, 467, 468, 471 के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर मोरध्वज देशमुख, सउनि विपिन तिवारी, दिलसाय कुजूर, आरक्षक देवेंद्र पाठक, प्रमोद कुमार सक्रिय रहे।



# शिक्षक पर जानलेवा हमला, जंगल में घेरकर पत्थरों से कुचला सिर

**प्रतापपुर।** एक शिक्षक पर निर्मम हमला कर उसे मौत के घाट उतारने की साजिश का मामला सामने आया है। स्कूल से घर लौट रहे शिक्षक पर हमलावरों ने सिलफिली जंगल में घात लगाकर हमला कर दिया। लात-घूंसों से पीटने के बाद पत्थरों से कुचल दिया गया, जिसमें शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद शिक्षकों और ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, मरकाडांड प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक जीवधन जायसवाल मंगलवार को स्कूल से घर लौट रहे थे। वे सिलफिली जंगल के पास पहुंचे तो घात लगाए बैठे वीरेंद्र, जितेंद्र और अनिल जायसवाल ने उनपर हमला कर दिया। हमलावरों ने पहले शिक्षक को रोककर लात-घूंसों से पीटा और फिर पत्थरों से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। हमले में शिक्षक का एक पैर टूट गया और वे बेसुध होकर गिर पड़े। राहगीरों की मदद से किसी तरह उन्हें बचाया गया तथा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शिक्षक को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है लेकिन परिजन और ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस मामले को हल्के में ले रही है और आरोपियों को बचाने के लिए जमानती धारा लगाई गयी है। पीड़ित शिक्षक के परिजन धर्मपाल जायसवाल ने बताया कि आरोपी पहले भी धमकियां दे चुके थे, लेकिन पुलिस ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस को शक है कि हमला किसी पुरानी रंजिश या आपसी विवाद का परिणाम हो सकता है। हमले में एक अन्य शिक्षक समेत तीन लोगों के शामिल होने की जानकारी सामने आ रही है। घटना से शिक्षकों में दहशत फैल गई है। शिक्षक संघ ने प्रशासन से दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने और शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। थाना प्रभारी लक्ष्मण धुर्वे ने बताया कि शिक्षक के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाई जाएंगी और मामले की निष्पक्ष जांच होगी



- शिक्षकों व ग्रामीणों में आक्रोश

## खबर संक्षेप

### आधार व राशनकार्ड से बनेगा आयुष्मान वय वंदना कार्ड



**बैकुण्ठपुर।** जिला प्रशासन द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत कार्ड बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में जिला एवं ब्लॉक स्तर की टीमें स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर सर्वे एवं पंजीयन कर रही हैं। इस योजना के तहत 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी नागरिक अपने आधार कार्ड और राशन कार्ड के आधार पर आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवा सकते हैं। इस कार्ड के माध्यम से अस्पताल में भर्ती होने पर 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी। प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले के हर पात्र व्यक्ति को इस योजना से जोड़ना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्रीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं या नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क कर अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाएं और इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठाएं। जिला प्रशासन द्वारा इस योजना को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 30 को

**सूरजपुर।** पं. जवाहर लाल नेहरू विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत राज्य के उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित अशासकीय विद्यालयों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 6 वीं में प्रवेश दिलाया जाना है। योजनांतर्गत प्रवेश परीक्षा का आयोजन 30 मार्च को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर में आयोजित किया जाना है। परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र संबंधित विकास खण्ड शिक्षा कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। त्रुटिवश या अन्य किसी कारण से यदि किसी छात्र-छात्रा को प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं हो पाता है, तो वे अपने समस्त दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ परीक्षा केंद्र में 1 घंटे पूर्व पहुंचकर केन्द्राध्यक्ष से संपर्क कर प्रवेश पत्र की द्वितीय प्रति कर सकेंगे।

### मिनी स्टेडियम में होगी रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ स्थित मिनी स्टेडियम में 6 अप्रैल से स्व. दीपक पटेल की स्मृति में ओपन रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 मार्च रखी गई है। प्रतियोगिता को भव्य रूप प्रदान करने व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि मनेन्द्रगढ़ जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने समय-समय पर विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती रही है। इसीक्रम में स्व. दीपक पटेल की स्मृति में ओपन रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें छग के साथ पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश की टीमें भी शामिल होने जा रही है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को बड़ी इनामी राशि 1 लाख 41 हजार रूपए के साथ ट्राफी प्रदान की जाएगी, वहीं उप विजेता टीम को भी 71 हजार रूपए एवं ट्राफी भेंट की जाएगी, इसके अलावा कई आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं। इनमें मैन ऑफ द सीरीज 5 हजार 100 एवं ट्राफी, परपल एवं ऑरेंज कैप 2100-2100 रूपए एवं ट्राफी तथा फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच 3100 रूपए एवं ट्राफी प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप भेंट की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए जो नियम और शर्ते लागू की गई हैं, उसके अनुसार सभी टीमों को निर्धारित समय के अनुसार मिनी स्टेडियम में उपस्थित होना होगा। प्रत्येक मैच टेनिस बॉल से खेले जाएंगे। अंपायर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 1 खिलाड़ी केवल एक ही टीम से खेल सकेगा।

---

**घने वन से अच्छादित जिला है कोरिया-एमसीबी** | **वर्तमान में महुआ संग्रहण कार्य में जुटे हैं ग्रामीण परिवार**

# विश्व वानिकी दिवस आजः रोजी-रोटी के लिए वनों पर आश्रित रहते हैं कई ग्रामीण

**बैकुंठपुर।** कोरिया-एमसीबी जिला वनों से आच्छादित जिला है, यहां वनों की सघनता भी अधिक है। वनों के विकास के लिए कई कार्यक्रम वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा किए जा रहे हैं, वहीं वनों के महत्व को बताने एवं लोगों में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष विश्व स्तर पर विश्व वानिकी दिवस मनाया जाता है। इस दिन कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर वनों एवं पेड़ों के महत्व के बारे में चर्चा होती है।

वन जलवायु परिवर्तन को कम करने और जैव विविधता को बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसके अलावा वन पानी एवं हवा को शुद्ध करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वहीं वन का आर्थिक महत्व भी है, यह लोगों के आजीविका का स्त्रोत के साथ लकड़ी एवं अन्य उत्पादों का उत्पादन करते हैं। वनों का महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि आज भी जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों का जीवन वनों पर आश्रित है। वनों से विभिन्न तरह के जड़ी बुटियां तो प्राप्त होती ही है, इसके अलावा विभिन्न तरह के फल भी वनों से प्राप्त होते हैं।

वर्तमान में महुआ का सीजन चल रहा है, महुआ का पेड़ ग्रामीण आबादी क्षेत्रों के साथ जंगल में भी स्थित है, जहां प्रतिदिन लोग महुआ चुनने के लिए पहुंच रहे हैं, इसके अलावा जिले की बड़ी आबादी लकड़ी के लिए जंगलों पर निर्भर हैं। ऐसे में वनों के महत्व को समझ कर वन संरक्षण की दिशा में लोगों को जागरूक करने का दिन 21 मार्च है, जिसे वैश्विक स्तर पर विश्व वानिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है।



### बडे क्षेत्रफल में सघन वन है कोरिया में

कोरिया जिले में सघन वन बडे क्षेत्रफल में विस्तारित है। जिले के सोनहत ब्लाक तमोर पिंगला गुरू घासीदास टाईगर रिजर्व क्षेत्र भी है। ब्लाक मुख्यालय सोनहत से कुछ किमी की दूरी के बाद से टाईगर रिजर्व की सीमा शुरू होती है, जो करीब 30 किमी की दूरी रामगढ़ तक सघन वन चारों ओर विस्तारित है व इसके बाद भी छग मप्र की सीमा तक घने वन है। टाईगर रिजर्व क्षेत्र में कई तरह के जानवरों का रहवास भी। प्रकृति से परिपूर्ण कोरिया जिले की वन संपदा को सुरक्षित बचाए रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय बनाए रखने की जरूरत है।

### अवैध कटाई से वनों के अस्तित्व को खतरा

वनों की सुरक्षा के तमाम कोशिशों के बावजूद जिले में वनों की अवैध कटाई से वनों को बड़ा नुकसान पहुंच रहा है। वनों की सुरक्षा के लिए वन समितियां सहित विभाग का अमला रहता है, बावजूद जिले के कई क्षेत्रों में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई हो रही है। गर्मी के दिनों में जिले के ग्रामीण अंचलों में कच्चे मकान निर्माण कार्य के लिए बडे-बडे पेड़ों की कटाई करते हैं, इसके अलावा जलाउ लकड़ी के लिए बरसात के पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों के लोग हरे-भरे पेड़ों को काटकर एकत्र करते हैं, जिसके कारण वनों को नुकसान पहुंच रहा है।

### दावानल से वनों को भारी नुकसान

कोरिया-एमसीबी जिले में वनों की सघनता है, लेकिन वनों की सुरक्षा को लेकर तमाम उपाय के बाद भी प्रतिवर्ष वनों को आग से भारी नुकसान पहुंचता है। खासकर गर्मी के सीजन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के जंगलों में दावानल से वनों को प्रतिवर्ष भारी नुकसान पहुंचता है। हालांकि वन विभाग द्वारा जंगलों को आग से बचाने के लिए फायर वाचर, बीट गार्ड सभी को सजग करते हैं, बावजूद इसके गर्मी के सीजन में जंगल में आग लगने की घटनाएं होती रहती हैं। वर्तमान में महुआ चुनने वाले कई लोग भी नीचे गिरे पत्तों में आग लगा देते हैं।

### घटते वन से वन्य जीवों को भी खतरा

वनों के अवैध कटाई के कारण जिले के जंगल का क्षेत्रफल घटता जा रहा है,वहीं घटते वन के कारण वन्य जीवों का रहवास प्रभावित हो रहा है, इसके चलते कई वन्य जीव ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों में भी पहुंच जाते हैं, इसके अलावा बंदर तो कोयलांचल चरचा कॉलरी, कटकोना कॉलरी के आबादी वाले क्षेत्र में हमेशा पहुंचते रहते हैं, यहां तक की बंदर कोरिया जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर तक पहुंच जाते हैं।

---

**विश्व ग्लूकोमा सप्ताह: कोरिया में नि :शुल्क नेत्र जांच और जागरूकता अभियान**

# 960 मरीजों की आखों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के अवसर पर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्लूकोमा (कांच बिंद/काला मोतियाबिंद) को लेकर जागरूकता और निःशुल्क नेत्र जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला अस्पताल एवं विकासखंड स्तर पर विशेषज्ञों की टीम मरीजों की स्क्रीनिंग और जांच कर रही है।

9 से 17 मार्च तक जिले में ग्लूकोमा सप्ताह के तहत 960 मरीजों की आखों की जांच किया गया, जिसमें 4 ग्लूकोमा के मरीज पाए गए, वहीं 8 मरीजों को ग्लोकोमा होने की संभावना है। इसके अलावा मोतियाबिंद 52, ड्राई आई 11, रेडनेस 15, वाटरिंग आई 12 व अन्य 114 मरीज आंखों की अलग-अलग परेशानी से पीड़ित हैं।



जांच के लिए पहुंचे मरीज।

### ग्लूकोमा के प्रमुख लक्षण

आंखों में तेज दर्द और बल्ब के चारों ओर रंगीन गोले दिखना। दृष्टि धीरे-धीरे कम होना या धुंधलापन महसूस होना। चश्मे का नंबर बार-बार बदलना। सिरदर्द, आंखों में भारीपन, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज के मरीजों में अधिक जोखिम होते हैं। जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क नेत्र जांच, स्क्रीनिंग और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरिया डॉ. प्रशांत सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर अपनी आंखों की जांच कराएं और समय रहते ग्लूकोमा का इलाज कराएं। स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ टीमें लगातार गांवों और शहरों में नेत्र जांच शिविर आयोजित कर रही हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस बीमारी की पहचान कर समय पर उपचार प्राप्त कर सकें। जागरूकता ही बचाव है और समय पर जांच कराने से आंखों की रोशनी बचाई जा सकती है।

### 40 के बाद प्राथमिकता से जांच

विशेषज्ञों के अनुसार ग्लूकोमा 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अधिक पाया जाता है, खासकर उन व्यक्तियों में जिनके परिवार में पहले से यह बीमारी रही हो। इस रोग के शुरूआती चरण में कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते, जिससे मरीज को देर से पता चलता है और उपचार में देरी के कारण रोशनी जाने का खतरा बढ़ जाता है।

---

# मांगों को लेकर सचिवों की हड़ताल तीसरे दिन जारी, कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

प्रदेश पंचायत सचिव संगठन के आह्वान पर शासकीयकरण की मांग को लेकर जनपद पंचायत भरतपुर के समस्त पंचायत सचिव तीसरे दिन भी धरना स्थल पर डटे रहे, इससे कई पंचायतों में ताला लटक रहा है, इससे शासन के कई जन कल्याणकारी योजनाओं एवं अन्य जनहितार्थ कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

विदित है कि वर्तमान भाजपा सरकार के द्वारा पंचायत सचिवों को शासकीयकरण किए जाने के संबंध में मोदी की गारंटी के रूप में घोषणा पत्र जारी किया गया था, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी पंचायत सचिवों के शासकीयकरण से संबंधित कोई भी आदेश जारी नहीं किया गया है, जिससे पूरे प्रदेश के पंचायत सचिवों के साथ ही भरतपुर जनपद के समस्त पंचायत सचिव हड़ताल पर चले गए हैं। सचिवों की हड़ताल पर जाने से पंचायत में तालाबंदी हो गया है। शासन की योजनाएं- जैसे जन्म-मृत्यु पंजीयन, विवाह पंजीयन, नवीन पेंशन प्रकरण सहित शासन के कई काम पंचायतों में बाधित हो रहे हैं। इस बार पंचायत सचिवों ने शासकीयकरण की मांग को लेकर आर-पार की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया है। हड़ताल के तीसरे दिन ब्लाक मुख्यालय जनकपुर में जयस्तंभ चौक के पास हड़ताल स्थल पर जिला अध्यक्ष एमसीबी वैदेहीशरण तिवारी, जिला सचिव सुधाशंकर त्रिपाठी सहित भरतपुर जनपद के ब्लाक अध्यक्ष ललुआ सिंह, सचिव सुरेश गुप्ता, उपाध्यक्ष श्यामर सिंह, बैजनाथ नापित, राकेश गोयल, श्यामदीन गुप्ता, सुरेश श्रीवास्तव, गया प्रसाद यादव, बलदेव सिंह चेचाम, बीरन सिंह, प्रेमवती वास्कले, राजकुमार यादव, हरिनारायण सिंह, प्रभाकर सिंह, पंकज सिंह, मूरत सिंह, मार्तण्ड सिंह, रमेश श्रीवास्तव, रघुनाथ सिंह सहित भरतपुर जनपद के अन्य पंचायत सचिव उपस्थित रहे।





### सचिवों के हड़ताल को फेडरेशन ने दिया समर्थन

**बैकुण्ठपुर।** छग पंचायत सचिव संघ ईकाई कोरिया द्वारा अपनी एक सूत्रीय मांग मोदी की गारंटी लागू करने को लेकर जिला मुख्यालय के प्रेमाबाग में अनिश्चित कालीन हड़ताल कर रहे हैं। धरना स्थल पर गुरूवार को पंचायत सचिव संघ के एक सूत्रीय मांग को लेकर अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के पदाधिकारियों द्वारा सचिव संघ के मांगों को जायज बताकर समर्थन दिया गया व सरकार को इनके मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए आग्रह किया गया। इस दौरान फेडरेशन के आरएस चंदे, राजेन्द्र सिंह, शंकर सुमन मिश्रा, विश्वास भगत, सुरेश कुमार एक्का सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

### एक दिवसीय उद्यमिता विकास, जागरूकता शिविर

**बैकुण्ठपुर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बैकुंठपुर द्वारा एक दिवसीय उद्यमिता विकास एवं जागरूकता शिविर का आयोजन बैकुंठपुर जनपद पंचायत सभाकक्ष में किया गया। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं, उद्यमियों और स्वरोजगार अपनाने के इच्छुक व्यक्तियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देना था, जिससे वे नए उद्योग स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें। शिविर में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) और नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों और चार्टर्ड अकाउंटेंट अरिहंत बोथरा ने प्रतिभागियों को इन योजनाओं का लाभ उठाने और उद्योग स्थापित करने की प्रक्रियाओं को समझाया। इस शिविर में जनप्रतिनिधि, उद्यमी, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक के छात्र-छात्राओं सहित लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को स्वरोजगार के अवसरों, सरकारी अनुदान और ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

---

# मालवाहक वाहनों का उपयोग सवारी गाड़ी में



**चरचा कॉलरी।** क्षेत्र में माल वाहक वाहनों का अवैध उपयोग लगातार बढ़ रहा है, इससे यात्रियों की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

इन वाहनों में न तो सुरक्षा के कोई उपाय होते हैं और न ही नियमानुसार लाइट या संकेतक, जिससे रात के समय दुर्घटनाओं की संभावना और भी अधिक बढ़ जाती है। बारात, धार्मिक और राजनीतिक आयोजनों में भीड़ बढ़ाने के लिए अक्सर ट्रैक्टर, पिकअप और अन्य माल वाहकों का उपयोग किया जाता है। यह नजारा सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरों में भी पुलिस के सामने खुलेआम ऐसे वाहन चलते हैं। इस समस्या के पीछे एक बड़ा कारण यात्री वाहनों का महंगा किराया भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में यात्री बसें और टैक्सियां कम संख्या में चलती हैं, वहीं शादी-विवाह या अन्य आयोजनों के दौरान बस, मिनी बस और अन्य यात्री वाहनों का किराया लगभग दोगुना हो जाता है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लोग मजबूरी में माल वाहक वाहनों का सहारा लेते हैं। माल वाहक वाहनों में सफर करने से यात्रियों की जान को गंभीर खतरा रहता है, इसलिए प्रशासन को तत्काल प्रभाव से इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

---

# टेड़गा तालाब बना अमृत सरोवर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जल संरक्षण और ग्रामीण विकास का उत्कृष्ट उदाहरण बन चुका है। टेड़गा तालाब, जिसे महात्मा गांधी नरेगा के तहत मिशन अमृत सरोवर में पुनर्जीवित किया गया। अब यह सिर्फ जल संग्रहण का स्त्रोत नहीं, बल्कि सिंचाई, मत्स्य पालन और ग्रामीण आजीविका का मजबूत आधार बन गया है। कोरिया जिले के सोनहत जनपद के ग्राम पुसला में स्थित टेड़गा तालाब, देखरेख के अभाव में सिकुड़ता जा रहा था। गाद जमने के कारण इसकी जलभराव क्षमता घट गई थी, जिससे गर्मियों में पानी का संकट गहरा जाता था, लेकिन 9.71 लाख रूपए की लागत से इसे गहरीकरण कर पुनर्जीवित किया गया। अब तालाब में 10,000 घनमीटर जलभराव क्षमता है, जिससे किसानों को सालभर पानी उपलब्ध हो रहा है। 9 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की सुविधा बढ़ी, जिससे 22 हेक्टेयर खरीफ और 5 हेक्टेयर रबी फसल को पानी मिल रहा है। महिला स्व-सहायता समूहों ने तालाब को लीज पर लेकर मत्स्य पालन शुरू किया, जिससे उन्हें 8 क्विंटल मछली उत्पादन और 1.60 लाख रूपए की आय हुई। ग्राम पंचायत पुसला के किसानों राजाराम, श्रीमती फुलेश्वरी, शंकरलाल और कृष्णा ने बताया कि पहले तालाब सूखने की कगार पर था, लेकिन अब यह गांव की आजीविका और जल स्त्रोत का आधार बन गया है।

**■ मत्स्य पालन और आर्थिक सशक्तिकरण का केन्द्र**

महिलाओं ने रोहू, कतला और मृगल मछली उत्पादन से आर्थिक स्वतंत्रता की ओर कदम बढ़ाए हैं। तालाब के किनारों पर पौधरोपण कर इसे और सुंदर बनाया गया है, जिससे यह एक आदर्श जल संरक्षण मॉडल बन गया है। यह सफलता दशार्ती है कि सही योजना और सामुदायिक सहभागिता से जल संसाधनों का बहुद्देशीय उपयोग किया जा सकता है।

---



बैठक में शामिल एसएमडीसी के अध्यक्ष, सचिव व अन्य।

# विद्यालय के विकास कार्यों पर चर्चा

**बैकुण्ठपुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय महलपारा बैकुंठपुर में सत्र 2024-25 की अंतिम स्कूल प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) की बैठक गुरूवार को आयोजित की गई।

बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, विकास कार्यों और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता एसएमडीसी अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने की। इसमें उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह, समिति के सदस्यगण डॉ. एएन सिंह, श्रीमती सविता मिश्रा, प्रवीन्द सिंह, अभिषेक अग्रवाल, श्रीमती अल्का मिश्रा सहित विद्यालय के कर्मी उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्य एवं एसएमडीसी सचिव अभय कुमार शर्मा ने सत्र 2024-25 में हुई प्रगति की विस्तृत जानकारी दी और आगामी शैक्षणिक व संरचनात्मक योजनाओं पर प्रकाश डाला। बैठक में विद्यालय के बुनियादी ढांचे, विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और अन्य विकास कार्यों को लेकर सुझाव प्रस्तुत किए गए। सदस्यों ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए अपने विचार रखे और आगामी सत्र के लिए योजनाओं को अंतिम रूप दिया। अंत में एसएमडीसी अध्यक्ष एवं सचिव ने सभी सदस्यों को विद्यालय विकास में दिए गए योगदान के लिए आभार ज्ञापित किया और आगे भी सहयोग की अपील की।

---

**नगर निगम आयुक्त सहित निगम अमला रहा मौजूद**

# बाइक से वार्ड भ्रमण पर निकले महापौर राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

नगर पालिक निगम चिरमिरी के प्रथम नागरिक महापौर रामनरेश राय पदभार ग्रहण करने के बाद से प्रतिदिन नगर का दौरा कर रहे हैं। इसीक्रम में उन्होंने नगर निगम के आयुक्त रामप्रसाद आचला व निगम के एमआईसी सदस्य नरेन्द्र साहू के साथ शहर के गोदरीपारा चर्च लाइन, गुरूद्वारे, डोमनहिल शहरी स्वास्थ्य केन्द्र, डोमनहिल पीएचई के पंप हाउस का निरीक्षण स्वयं मोटरसाइकिल चलाकर किया।

गोदरीपारा क्षेत्र में आने वाली भीषण गर्मी में आमजन को पेयजल सहित निस्तारी जल समस्या पर कोई परेशानी न हो, इसके लिए उन्होंने निगम के जल विभाग के अधिकारियों को पर्याप्त मात्रा में जल आपूर्ति करने निर्देशित किया। इसी प्रकार शहरी स्वास्थ्य केन्द्र डोमनहिल में बन रहे प्रसव कक्ष निर्माण को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने की उपस्थित अधिकारियों को हिदायत दी, साथ ही अस्पताल के एएमसी वार्ड, पीएनसी वार्ड का भी औचक निरीक्षण किया। महापौर ने डोमनहिल और हल्दीबाड़ी मार्ग के चौक पास बने पीएचई के पंप हाउस का भी निरीक्षण कर आसपास के क्षेत्र का अवलोकन किया।

मौके पर दूरभाष के माध्यम से बात कर पीएचई के अधिकारी को पंप हाउस में आवश्यक सुधार करने निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 ओडीएफ प्लस प्लस पर विशेष जोर देने तथा सफाई कार्य तेजी से करने के लिए निगम को निर्देशित किया। इस दौरान नगर निगम के सहायक अभियंता विजय बधावन व जल विभाग के प्रहलाद पाठक मौजूद रहे।



वार्ड भ्रमण करते मेयर।

---

**गौ विज्ञान परीक्षा**

# आंचल और सत्यम रहे अव्वल

**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य में विद्यार्थियों के मध्य गाय का वैज्ञानिक पक्ष सामने लाने के उद्देश्य से आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा 2024 का जिला स्तरीय परीक्षा का परिणाम 20 मार्च को घोषित किया गया। कोरिया जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।

ज्ञात हो कि परीक्षा का आयोजन तीन चरणों में किया जाना है। प्रथम चरण विद्यालय स्तर की परीक्षा में जिले के विभिन्न विद्यालयों से 2250 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। विद्यालय स्तर पर चयनित प्रथम तीन विद्यार्थियों को द्वितीय चरण जिला स्तर में सम्मिलित होने का अवसर मिला था, जिसमें लगभग 104 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया था, जिसका परिणाम गुरूवार को जिला परीक्षा प्रमुख रामकिंकर पाण्डेय द्वारा घोषित किया गया। प्रत्येक ग्रुप से जिला स्तर पर चयनित प्रथम पांच विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। जिला स्तर पर प्रत्येक ग्रुप से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। यह पुरस्कार राज्य स्तरीय परीक्षा के दौरान रायपुर में प्रदान किया जाएगा। राज्य स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा आगामी 20 अप्रैल को प्रातः 10 से 12 बजे तक रायपुर में आयोजित होगी। समिति के जिला परीक्षा प्रमुख राम किंकर पाण्डेय ने बताया कि कोरिया जिले का जिला स्तरीय परीक्षा परिणाम के तहत ग्रुप ए प्रथम से आॅचल साहू आदर्श सरस्वती उमावि बैकुंठपुर, द्वितीय पायल शासकीय माध्यमिक विद्यालय बेलिया, सोनहत, तृतीय अंशू यादव आदर्श सरस्वती उमावि बैकुंठपुर, चतुर्थ परिधि सोनवानी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम बैकुंठपुर, पंचम दिव्यांशु कुशवाहा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम पटना रहे। वहीं ग्रुप बी से प्रथम सत्यम कुमार तिवारी आदर्श सरस्वती उमावि बैकुंठपुर, द्वितीय रूपेश यादव स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम कटगोड़ी सोनहत, तृतीय आरती सिंह शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सलका बैकुंठपुर, पंचम मानसी कुशवाहा स्वामी आत्मानदं अंग्रेजी माध्यम स्कूल पटना ने अपना स्थान हासिल किया।

## खबर संक्षेप

### रेलवे मजदूर कांग्रेस का अधिवेशन बिश्रामपुर में आज

**बिश्रामपुर।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस करंजी शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन आज बिश्रामपुर स्टेशन प्रांगण में निर्धारित हुआ है। अधिवेशन में संघ के जोनल अध्यक्ष तपन चटर्जी,जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण,कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव सहित विजय अग्निहोत्री मंडल समन्वयक व संगठन से जुड़े अन्य कई नेता पदाधिकारी आयोजन में उपस्थित रहेंगे।बताया गया कि अधिवेशन में नए कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।आयोजन को सफल बनाने साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता सक्रिय हैं।

### भाजपा सरगुजा विधि प्रकोष्ठ की बैठक




**अम्बिकापुर।** भाजपा कार्यालय में आयोजित विधि प्रकोष्ठ की बैठक निर्वाचन सहित अन्य विधिक मसलों को लेकर विस्तार से चर्चा कर आगामी कार्ययोजना बनाई गई। बैठक में अधिवक्ता एवं आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अभिषेक शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर सुझाव आमंत्रित किया जाता है जिसमें मतदाता सूची का पुनरीक्षण, मतदान केन्द्रों का युक्ति युक्तकरण के साथ मृत लोगों का नाम विलोपन एवं माइग्रेशन का कार्य होता है। हमें भाजपा के विधिक सलाहकार कार्यकर्ता के रूप में जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संपर्क में रहकर जनहित में इन कमियों को दूर करने का काम करना है। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक दुबे ने कहा कि समाज हित के परिपेक्ष्य में विधिक सलाहकार अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें केवल निर्वाचन कार्य तक सीमित नहीं रहना है बल्कि पार्टी के दृष्टिकोण को विधिक सलाहकार के रूप में जनता तक पहुंचाना है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अधिवक्ता विद्यानंद मिश्रा ने कहा कि भाजपा विधि एवं कानून का पालन करने वाली पार्टी है, हम अपने जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर जनहित में काम करेंगे। बैठक को भाजपा विस्तारक संतोष द्विवेदी ने भी संबोधित किया। इस दौरान अधिवक्ता जनमेजय पाण्डेय, विनोद दुबे, गनपत कुमार गुप्ता, संदीप कुमार तिवारी, श्यामलाल गुप्ता, शिवशंकर सिंह, प्रकाश मणि त्रिपाठी, श्रीमती आशा जायसवाल, अरविंद कनौजिया, विनोद कुमार सिंह, विवेक पाण्डेय, अमरेंद्र गुप्ता, डीके प्रसाद एवं जिला सह संवाद प्रमुख रूपेश दुबे उपस्थित थे।

### डीवीएम स्कूल में बच्चों को दिया गया तीरंदाजी का प्रशिक्षण

**भटगांव।** ग्राम गोंदा स्थित डीवीएम इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य श्रीमती सारिका सोनी ने बताया कि तीरंदाजी प्रशिक्षण से बच्चों में एकाग्रता की वृद्धि होगी तथा वे कठिन कार्य को भी सरलता पूर्वक कर सकेंगे। इससे एकाग्रता और मनोबल बढ़ता है। प्रफुल्ल कुमार पाण्डेय ने बताया कि तीरंदाजी का प्रशिक्षण श्रीमती मीना गायग्वाल द्वारा प्रदान किया गया।



## प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे ग्रामीण

# शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर सचिव




धरना-प्रदर्शन करते पंचायत सचिव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

प्रदेश संगठन के आह्वान पर प्रदेश सचिव संघ के महामंत्री एवं ब्लॉक अध्यक्ष सूरजमल सोनी के नेतृत्व में विकासखण्ड के पंचायत सचिव शासकीयकरण की मांग लेकर चार दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

**खास बात**
- विकास कार्यों पर लगी रोक

ब्लॉक अध्यक्ष श्री सोनी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सचिवों का शासकीयकरण करने की बात कही गई थी, मगर आज तक मांग पूरी नहीं हो सकी। जबकि सचिव शासन के निर्देशानुसार दिन रात ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा करते रहते है। कई सचिव सेवानिवृत्त होते जा रहे हैं जिन्हें शासकीय सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। जब तक शासकीयकरण नहीं होता, अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से ग्रा पंचायतों का कामकाज ठप है। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुनील नाग एवं युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष दीपक बुनकर ने सचिव संघ की मांग का समर्थन किया है। हड़ताल स्थल दुर्गा चौक सामुदायिक भवन स्थल पर ग्राम पंचायत गजाधरपुर की सचिव कुलवंती का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया।

### पंचायत सचिवों के हड़ताल से पंचायत व्यवस्थाएं प्रभावित

**बिश्रामपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के एक महीने बाद भी कई पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार नहीं मिलने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब पंचायत सचिव संघ द्वारा एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से ग्राम पंचायतों के सभी कार्य प्रभावित हो गए हैं। गौरतलब है कि सुरजपुर ब्लाक अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में पिछले दिनों 17 फरवरी को चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई थी। चुनाव संपन्न होने उपरांत कई पंचायतों में नए सरपंच निर्वाचित हुए हैं, लेकिन अभी पंचायत सचिवों द्वारा उन्हें प्रभार नहीं दिलाया जा सका है। अब आलम यह है कि पंचायत सचिवों द्वारा 17 मार्च से एक सूत्रीय शासकीयकरण किए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। ज्ञात हो कि पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से ग्रामीण क्षेत्रों की व्यवस्थाएं पूरी तरह से प्रभावित हो गई हैं।गर्मी के दिनोंदिन बढ़ते तेवर के बीच पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से कई खराब पड़े हैंड पंपों की मरम्मत के अलावा नलजल के क्षतिग्रस्त पाइप की भी मरम्मत कार्य नहीं हो पा रही है और लोगों के गर्मी के दिनों में पेयजल संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि अब पंचायत सचिवों द्वारा आगामी एक अप्रैल को छत्तीसगढ़ मंत्रालय का घेराव करते हुए मोदी की गारंटी का स्मरण कराते हुए शासकीयकरण किए जाने की मांग की जाएगी। सुरजपुर जनपद सीईओ विनोद सिंह ने बताया कि पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। जिस वजह से पंचायतों के कार्य प्रभावित तो हो रहे हैं। अब उच्चाधिकारियों का जैसा मार्गदर्शन मिलेगा, उसके मुताबिक कार्य संपादित कराए जाएंगे।

### सचिव संघ की हड़ताल से ग्राम पंचायतों के कामकाज ठप

**प्रेमनगर।** प्रदेश संगठन के आह्वान पर शासकीय करण विकासखण्ड के सभी सचिव दिनांक 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं जिसके कारण पंचायतों का कार्य ठप हो गया है। प्रदेश सरकार का गठन हुए 18 माह हो चुके हैं लेकिन आज तक सचिवों का शासकीयकरण नहीं किया गया है। जिससे सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। सचिवों के हड़ताल पर जाने से जनता को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तथा जन्म-मृत्यु एवं अन्य कार्य के लिए ग्रामीणों को धरनास्थल पर आना पड़ रहा है। ऐसे में ग्रामीणों में भी आक्रोश दिखाई दे रहा है। सचिव संघ के अध्यक्ष मो.कासिम अंसारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी में सचिव संघ की मांग को शामिल किया गया है। भाजपा सरकार आने के बाद भी आज तक सचिवों को शासकीयकरण का लाभ नहीं मिल पाया है। चुनाव उपरांत सरपंचों का शपथ ग्रहण पूर्ण हुआ लेकिन सरपंचों का प्रभार नहीं हो पाया है। ऐसे पंचायतों का कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। धरना स्थल पर सचिव करीमन सिंह, रूपनारायण तिवारी, कलम साय, जय सिंह, शिवबालक, रामप्रसाद दास, संतोष सिंह, राम सिंह, सुनीता सिंह, उर्मिला सिंह , हेमंत कुमारी, जगदीश सिंह, हिरेन्द्र सिंह सहित अन्य सचिव उपस्थित थे।






दुर्घटना ग्रस्त बाइक, इनसेट में मृतक।

## अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार कालरी कर्मी की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मानीचौक

एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव खुली खदान परियोजना में टैरेक्स लोडर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत पवन राम 57 वर्ष की बुधवार की शाम सड़क हादसे में मौत हो गई है।बिश्रामपुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 9 निवासी पवन राम पिता स्व.रामदयाल भगत रोजाना की तरह बुधवार को भी आमगांव खदान ड्यूटी करने गए हुए थे, द्वितीय पाली की ड्यूटी पूरी कर वह वापस अपनी होंडा बाइक से घर लौट रहे थे कि इसी दौरान गायत्री खदान के समीप तिराहे पर अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

- द्वितीय पाली की ड्यूटी पूरी कर बाइक से वापस बिश्रामपुर घर लौट रहे थे

घटना में सिर के बल सड़क पर गिर जाने व सिर में गहरा घाव लग जाने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा बुधवार की शाम सात साढ़े सात बजे के क़रीब होना बताया गया है। घटना किस वाहन से हुई है यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है।स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर उनके शव को को एसईसीएल के एंबुलेंस से बिश्रामपुर केंद्रीय अस्पताल लाया गया। गुरुवार को दूसरे दिवस पीएम होने उपरांत शव को परिजनों को सौंपते हुए बिश्रामपुर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। गौरतलब है कि पवन राम वर्तमान में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम सूरजपुर जिला कोषाध्यक्ष का दायित्व निर्वहन कर रहे थे। पवन राम के पिता स्व.रामदयाल जनसंघ के नेता थे एवं सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक थे।पवन राम की पत्नी जयंती भगत माध्यमिक शाला गोपालपुर में शिक्षिका हैं ,उनकी दो पुत्री व एक पुत्र है।पवन राम की मौत की खबर से बिश्रामपुर समेत कोल कर्मियों में शोक का माहौल निर्मित है।

## गहिरा गुरु आश्रम सिलफिली में संत समाज ने धूमधाम से मनाई रंग पंचमी

**बिश्रामपुर।** रंग पंचमी के अवसर पर आज गुरूवार को ग्राम सिलफिली के गोंडपारा स्थित गहिरा गुरु आश्रम में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।संत सनातन धर्म समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद आयोग के सदस्य सुभाष गोयल उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में जिला पंचायत सदस्यगण नरेंद्र यादव व श्रीमती किरण केराम, सुरजपुर जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, दिलीप समद्दार, राजमोहिनी देवी, समाज के अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, वेद प्रकाश मिश्र, संबलपुर सरपंच कंवल बिहारी सिंह, कनकपुर सरपंच तिलेश्वर सिंह उपस्थित थे।



अतिथियों द्वारा यहां पर सर्वप्रथम गहिरा गुरुजी के छायाचित्र के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात छायाचित्र पर रंग गुलाल अर्पित किया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों द्वारा आपस में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभकामनाएं दी गई। मुख्य अतिथि राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद आयोग के सदस्य सुभाष गोयल ने कहा कि मैं सभी के रंग बिरंगी जीवन में खुशहाली की कामना करता हूं। रंग गुलाल के इस पर्व से हमें जीवन में काफी सीख मिलती है, जिससे हमें ज्ञान को अर्जित करके समाज की बुराइयों को दूर करते हुए आपसी भाईचारे के साथ रहने की जरूरत है। मुख्य अतिथि द्वारा यहां पर यज्ञशाला के निर्माण कार्य में अपना सहयोग देने की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित करते हुए सभी को रंग पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन खुशहाल रहने की कामना की गई। इस दौरान समल सिंह, रमेश सिंह, दयाल विश्वास, गोपाल विश्वकर्मा, गोविंद कुशवाहा, पवन वर्मन, ईश्वर सिंह व अन्य उपस्थित थे।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने घोषित किए पीआईसी सदस्यों के नाम

**बलरामपुर।** नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष लोधी राम एक्का द्वारा प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) का गठन कर लिया गया है। पीआईसी के गठन हेतु अध्यक्ष श्री एक्का द्वारा आयोजित बैठक में पीआईसी में दो वरिष्ठ पार्षदों समेत कुल 7 पार्षदों को जगह दी गई है। इसके साथ ही उन्होंने पीआईसी सदस्यों से आह्वान किया कि वे जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करें ताकि उनके विश्वास पर हम खरा उतर सके। बैठक के दौरान अध्यक्ष श्री एक्का द्वारा पीआईसी सदस्यों के विभागों का भी बंटवारा किया गया है। इस दौरान दूसरी बार चुनाव जीतकर पहुंचे वार्ड क्रमांक 10 से पार्षद प्रमाण गुप्ता को विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है इसके साथ ही दूसरी बार विजय हुए वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद दिलीप सोनी को



स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद राकेश सिंह को आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी सौंप गई है। वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद सेवक राम को खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अलावा पुनर्वास एवं नियोजन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद सरोज लकड़ा को जल कार्य विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद लक्ष्मी गुप्ता को शिक्षा विभाग महिला एवं बाल कल्याण विभाग, इसी तरह वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद शिवराम को राजस्व तथा बाजार विभाग प्रदान किया गया है। अपने विभाग प्रदान करने के बाद सभी पार्षदों ने अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाने का संकल्प लिया और जनता के विश्वास को बनाकर रखने की बात कही।




## Name Change

I Sanjeeta toppo is wife of NO. 15824363W rank. L/NK-trade DVR Name Rajkumar Bhagat, permanent resident of Vill-Charhatkala post Samri Teh-Kusmi Dist- Balrampur state-Chhattisgarh pin code 497224.

On oath follows. As per my husband's service documents, my title has been mentioned as Sanjeeta Bhagat which is erroneously endorsed in his service documents at the time joining army found incorrect. My correct title as per my Adhar card. (701432289183) pan card (CBUPT9949J) and my 10th marksheet is Sanjeeta Toppo.The title declared by my title is Bhagat which is existing in his service documents is not correct and hence this Affidavit sworn in before the notary.

I give an undertaking that all documents submitted by me are correct. All documents issued by government organization/office have been signed by authorized designated and government officials, if any documents at any stage is found fake. I am aware that I will be liable for punishment.

**Deponent**
**Sanjeeta toppo**
wife of NO. 15824363W rank. L/NK-trade DVR Name Rajkumar Bhagat, permanent resident of Vill-Charhatkala post Samri Teh-Kusmi Dist- Balrampur state-Chhattisgarh pin code 497224.

### कार्मेल स्कूल के यश ने कक्षा 4थी में मारी बाजी

**अम्बिकापुर।** आज शहर के कई बड़े स्कूलों ने अपने परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए है। कार्मेल स्कूल में कक्षा 4थी में पढ़ने वाले छात्र यश मिश्रा ने 94.5 प्रतिशत अंक हासिल कर कक्षा में प्रथम स्थान पर जगह बनाया है। यश मिश्रा होटल अनन्या के संचालक कमलेश मिश्रा के पुत्र है। उनकी सफलता से हर्ष व्याप्त है।



### अधिवक्ता को कार ने मारी टक्कर

**बलरामपुर।** सुबह घूमने निकले अधिवक्ता को तेज रफ्तार कार के चालक ने टक्कर मार दी। इस घटना में अधिवक्ता को गंभीर चोट आई है। नगर के मिशन रोड निवासी 55 वर्षीय श्याम बिहारी पाठक आ. गोपाल पाठक पेशे से अधिवक्ता है। श्याम बिहारी पाठक गुरुवार की सुबह 7 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान जैसे ही वे पैदल टहलते हुए भोला होटल के समीप पहुंचे अंबिकापुर से रामानुजगंज की ओर जा रहे स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 13 एवाई 4902 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अधिवक्ता को टक्कर मार दी। इस घटना में गंभीर रूप से घायल श्याम बिहारी पाठक को स्थानीय लोगों द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है।
































20 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 3/20/2025 9:58 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### ननि के एमआईसी सदस्यों ने की खिलाड़ियों से मुलाकात

**अंबिकापुर।** नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षद व एमआईसी सदस्यों ने गांधी स्टेडियम में संचालित बास्केटबॉल ग्राउंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाक़ात कर उनकी हौसला आफजाई की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। गुरुवार को ननि के आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग सदस्य मनीष सिंह, जल कार्य विभाग सदस्य जितेंद्र सोनी अज्जू, गुरू नानक वार्ड पार्षद शैलेश कुमार सिंह, सिद्धार्थ मिश्रा ने बास्केटबॉल खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बच्चों से खेल संचालन व समस्याओं पर चर्चा की जिसमें नियमित सफाई, पीने के लिए वाटर कुलर, लाईट के साथ अन्य सुविधाओं को मुहैया कराने की बात कही गई।

### युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** साफ़ सफाई का काम करने के दौरान युवती की पहचान दर्रीपारा निवासी आशीष साहू से हुई थी। इस दौरान आरोपी ने युवती को शादी का



झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान आरोपी और युवती का एक संतान भी हो गया लेकिन अब आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने दर्रीपारा निवासी 35 वर्षीय आशीष साहू आ. स्व. गोपाल साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को भादवि की धारा 376 (2) (एन) के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मणिपुर अखिलेश सिंह, सउनि अनिल पांडे, प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, आरक्षण उमाशंकर साहू, कुश सोनी सक्रिय रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** थाना अंतर्गत रहने वाली नाबालिग लकड़ी अपनी बड़ी बहन के साथ धान के खेत को देखने गई थी और दोपहर ढाई बजे जंगल की



तरफ से घूमकर आने की बात बोलकर निकल गई। काफी समय के बाद जब नाबालिग वापस नहीं आई तो परिजन द्वारा खोजबीन के बाद घटना की शिकायत पुलिस से की थी। इस मामले में पुलिस ने तलाश के बाद 7 नवम्बर 2024 को नाबालिग को ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद कर परिजन के सुपुर्द किया गया। इस दौरान नाबालिग के बयान के आधार पर आरोपी शंकरगढ़ के भागवतपुर निवासी 23 वर्षीय अभय बुनकर आ. संजीत बुनकर के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2), 64(1), 69.87 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4 एवं 3, (1-12) एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया था। घटना के बाद आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद 20 मार्च को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी शंकरगढ़ जितेन्द्र सोनी, डीएसएफ उमेश यादव, विजय यादव, शानु सुरेश पैकरा, प्रदीप मुण्डा सक्रिय रहे।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 23 को

**अम्बिकापुर।** विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 23 मार्च रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस




शिविर में न्यूरो स्पाइन सर्जन डॉ अमित मुखर्जी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनोद आहूजा, डॉ जगबीर सिंह गठिया एवं अर्थराइटिस विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट डॉ विवेक कुमार केशरी एवं प्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ विकास गोयल उपलब्ध रहेंगे। विद्या डायग्नोस्टिक में सोनोग्राफी, कलर डॉपलर, कलर एक्सरे, डिजिटल एक्सरे, सीटी स्कैन, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री, ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधा उपलब्ध है। संचालक ने बताया कि स्वास्थ परीक्षण शिविर 10 से 4 बजे तक किया जाएगा

---

एक आरोपी गिरफ्तार, 110 लीटर से अधिक नकली शराब व वाहन जब्त

# कंचननगर में बनाई जा रही थी नकली शराब, पुलिस व आबकारी ने किया खुलासा

अंबिकापुर। बलरामपुर जिले की रामानुजगंज पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने नकली शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने मामले में एक आरोपी को पकड़ने के साथ ही उसने पास से 110.995 लीटर नकली शराब जब्त किया है। इसके साथ ही शराब तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी बरामद किया गया है। आरोपी द्वारा झारखंड से समाग्री लाकर शराब बनाने का कार्य किया जा रहा था और नकली शराब को जिले के साथ ही पड़ोसी राज्य में बेचा जा रहा था। आरोपी के पास से विभिन्न कंपनियों के खाली बोटल, एक हजार से अधिक होलोग्राम, स्टीकर, ढक्कन बरामद किया है।

**खास बातें**
- झारखंड से सामग्री लाकर बना रहा था शराब
- जिले के साथ ही पड़ोसी राज्य में कर रहा था सप्लाई

बता दें कि बलरामपुर पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर द्वारा अवैध और नकली शराब के कारोबार पर लगाम लगाने और तस्करों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस बीच पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि रामानुजगंज के कंचननगर में नकली शराब बनाने का काम चल रहा है। सूचना के आधार पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, अनुविभागीय अधिकारी बाजीलाल सिंह, जिला आबकारी अधिकारी एसके सूर्यवंशी के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने 20 मार्च को ग्राम कंचननगर में रवि कुमार गुप्ता के मकान में छापा मारा। आरोपी के घर की तलाशी के दौरान पुलिस को रवि कुमार के मकान से 35.995 लीटर अवैध नकली मिलावटी शराब एवं अनेक ब्राण्ड क़ा खाली बोतल ढक्कन, होलोग्राम ब्रांड स्टीकर बरामद हुआ। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी के महिंद्रा वाहन महिन्द्रा क्रमांक जेएच 01 एफएक्स 9839 से 75 लीटर अवैध नकली मिलावटी शराब बरामद किया। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा मिलावटी शराब को रात के अंधेरे में बॉटलिंग, सैंपलिंग, लेबलिंग कर परिवहन किया जाता। वहीं आरोपी के मकान व वाहन की तलाशी लेने के दौरान लगभग 1000 विभिन्न शराब कंपनियों की अलग-अगल साईज के खाली बोटल, एक हजार से अधिक होलोग्राम, स्टीकर, ढक्कन बरामद हुये। इस प्रकार कुल 110.995 लीटर अवैध नकली मिलावटी शराब एवं महिन्द्रा वाहन बरामद किया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक रमाकांत तिवारी, आबकारी उनि नीरज कुमार साहू, अभिषेक कुमार राजवाड़े, उनि गजपति मिरें, सउनि अतुल दुबे, प्रधान आरक्षक मायापति सिंह, नारायण तिवारी, आबकारी मुख्य आरक्षक गिरजाशंकर शुक्ला, आबकारी आरक्षक प्रियेश कुमार, महिला नगर सैनिक हेमंती तिर्की, एवं कलिस्ता एक्का, महिला प्रधान आरक्षक मनीषा तिग्गा, महिला आरक्षक जगरानी तिर्की, प्रधान आरक्षक महामाया शर्मा, आरक्षक निकेश सिंह, सूरज सिंह, नागेश्वर सिंह सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त शराब।

**झारखंड के शराब की नकल**

पुलिस की पूछताछ और जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि आरोपी द्वारा झारखण्ड राज्य में बिकने वाली शराब का हुबहू नकल तैयार कर आस पास के क्षेत्रों में सप्लाई की जा रही थी। आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि झारखंड राज्य से शराब की खाली बोतलें जो विभिन्न कंपनी की होती थी उसे एकत्र कर केमीकल से खाली शीशी को क्लीन कर उस पर फर्जी स्टीकर जो झारखण्ड के मदिरा दुकानों में बिकती है उसका हुबहु नमुना तैयार कर नकली ढक्कन जिस पर ब्रांड का नाम लिखा रहता था, होलोग्राम एवं केमीकल से नकली मिलावटी शराब का निर्माण कर बॉटलिंग, सैंपलिंग कर गैर कानूनी तरीके से बेचते थे जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) (क), 34(2), 49 (क), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

---

# दहेज में बोलेरो नहीं देने पर नव विवाहिता की हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नव विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में परिजन ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। परिजन का आरोप है कि शादी के बाद बोलेरो वाहन की मांग की जा रही थी और मांग पूरी नहीं होने पर महिला की पिटाई करने के साथ ही गला दबाकर हत्या कर दी गई। इस मामले में मणिपुर पुलिस ने शिकायत के बाद मर्ग कायम किया है इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

- परिजन ने थाने में की शिकायत, दिसम्बर माह में हुई थी शादी

बताया जा रहा है कि झारखंड के गढवा मेराल अंतर्गत ग्राम ओखरगाड़ा धुरियाही निवासी रौशनी का विवाह 2 दिसम्बर 2024 को शहर के भट्ठापारा निवासी अक्षय वासी आ. उमेश वासी से सामाजिक रीति रिवाज से हुआ था। शादी के दौरान मृतिका के पिता और भाई ने कर्ज लेकर दो लाख रुपए नगद दहेज में दिया था। मृतिका के भाई बब्लू कुमार लाल का आरोप है कि शादी के बाद पति, सास, ससुर व अन्य लोगों द्वारा उसे दहेज में बोलेरो की मांग की जा रही थी और मांग पूरी नहीं करने पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। नव निवाहिता के साथ लगातार मारपीट की जा रही थी। हाल ही में होली के समय भी अक्षय वासी पत्नी रौशनी को लेकर ससुराल आया था। इस दौरान भी उसने बोलेरो की मांग की तो परिजन ने समझा बुझाकर दोनों को वापस घर भेजा था। परिजन का आरोप है कि 19 मार्च को रौशनी के मौत की सूचना मिली। सूचना के बाद परिजन अंबिकापुर स्थित ससुराल पहुंचे तो मृतिका के शरीर पर चोट के निशान थे। मृतिका के भाई का आरोप है कि पति अक्षय वासी, ससुर उमेश वासी, सास गिरजा देवी, भाई नान्हू वासी, बहन मंदा देवी व चंदा देवी द्वारा उसके साथ जमकर मारपीट की गई और गला दबाकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद परिजन का रो रोकर बुरा हाल है। परिजन ने घटना की शिकायत मणिपुर थाना में करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

**जांच के बाद कार्रवाई**

नव विवाहिता के मौत की शिकायत मिली है। मामले में मर्ग कायम कर पीएम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी

---

## दिन के तापमान में गिरावट विक्षोभ के प्रभाव से बूंदाबांदी

**अम्बिकापुर।** पछुआ विक्षोभ की सक्रियता से एक बार फिर मौसम में तेज बदलाव आया है। वहीं देर शाम क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी हुई है। विक्षोभ के प्रभाव से मौसम विज्ञानी धूल भरी आंधी चलने के साथ ही गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं वर्षा होने एवं ओले गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ गया है। बुधवार को बादलों की सक्रियता बढ़ने के कारण न्यूनतम तापमान में 4.7 डिग्री की वृद्धि वहीं दिन के तापमान में 3.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। गुरूवार को बादलों की सक्रियता के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में वर्षा होने के कारण हवा ठंडी हो गई है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि विक्षोभ के प्रभाव से दक्षिण छत्तीसगढ़ से उड़ीसा तक द्रोणिका सक्रिय है वहीं अरब सागर एवं खाड़ी से पर्याप्त नमी पहुंच रही है। अरब सागर एवं खाड़ी की परस्पर विरोधी हवाएं छत्तीसगढ़ के ऊपर टकरा रही हैं जिससे विक्षोभ ताकतवर हो रहा है। विक्षोभ का अधिक प्रभाव मध्य भारत के साथ ही झारखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ गरज-चमक होने की सूचना है। मौसम विज्ञानी गुरूवार की रात एवं शुक्रवार को कुछ क्षेत्रों में आंधी चलने, गरज-चमक के साथ वर्षा होने एवं ओले गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। दिन के तापमान में गिरावट होने के कारण गर्मी से राहत मिली है। मौसम कार्यालय द्वारा अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 18.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। मौसम में आए बदलाव के कारण दिन का तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री नीचे वहीं रात का तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री ऊपर है।

---

# कैबिनेट मंत्री नेताम से सैनिक स्कूल की प्राचार्य ने की सौजन्य मुलाकात

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल से कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम के जुड़ाव और उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए सैनिक स्कूल की प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने उनसे सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने स्कूल की उपलब्धियों और प्रगति की संक्षिप्त जानकारी दी।



श्री नेताम सैनिक स्कूल के साथ अपने लंबे भावनात्मक जुड़ाव को याद किया और सैनिक स्कूल की वर्तमान प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। कर्नल सोबती ने प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में सैनिक स्कूल के प्रति जागरूकता की कमी का विषय उठाया। श्री नेताम ने छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्र के छात्रों को सैनिक स्कूल से जुड़ने की आवश्यकता को देखते हुए बस्तर जैसे सुदूर आदिवासी क्षेत्रों के चौथी एवं पांचवीं कक्षा के बच्चों को सैन्य सेवाओं के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से समय-समय पर सैनिक स्कूल के भ्रमण पर भेजने का सुझाव दिया तथा कहा कि सैनिक स्कूल और वहां की जीवन शैली के विषय में जानने और जागरूक होने का अवसर मिलेगा।

कर्नल रीमा सोबती ने श्री नेताम को सैनिक स्कूल का स्मृति चिन्ह भेंट किया।

---

## आठ वर्षों से फरार बसोर गैंग का कुख्यात आरोपी एमपी से गिरफ्तार

**सूरजपुर।** आठ वर्षों से फरार चल रहे बसोर गैंग के कुख्यात आरोपी को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। आरोपी युवक चोरी के मामले में वर्ष 2018 से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को मध्य प्रदेश से दबिश देकर गिरफ्तार किया है।



बता दें कि एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुराने लंबित प्रकरण एवं धारा 173(8) के मामलों की समीक्षा कर फरार आरोपियों की धरपकड़ करने के कड़े निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए है। निर्देश के परिपालन में थाना चांदनी पुलिस के द्वारा 8 वर्षो से फरार बसोर गैंग के एक कुख्यात आरोपी को मध्यप्रदेश में दबिश देकर पकड़ा है। पुलिस के अनुसार 13 सितम्बर 2018 के रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा ग्राम बिहारपुर निवासी राजेन्द्र सिंह के मकान का दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर सोना चांदी के जेवर व नगदी रकम 60 हजार रूपए की चोरी की थी। इस मामले में पुलिस द्वारा भादवि की धारा 457, 380, 34 के तहत अपराध दर्ज करने के साथ ही बसोर गैंग के 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया गया था वहीं मामले में 1 आरोपी पिंटू बसोर फरार था जिसकी पतासाजी थाना चांदनी पुलिस व साईबर सेल के द्वारा की जा रही थी। इसी बीच जानकारी मिली कि फरार आरोपी सिंगरौली मध्यप्रदेश में है जिसके बाद डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने फरार आरोपी को पकड़ने थाना चांदनी की पुलिस टीम गठित कर दिगर राज्य मध्यप्रदेश के लिए रवाना किया। एएसपी संतोष महतो व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम के द्वारा थाना बरगवां जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश आरोपी के सकुनत पहुंची जहां उसके परिजनों के द्वारा पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया किन्तु पुलिस टीम ने 8 वर्षो से फरार कुख्यात बसोर गैंग के आरोपी 27 वर्षीय पिंटू बसोर उर्फ रामदुलारे पिता किरथ बसोर को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ पर उसने अपराध कबूल किया जिसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी काफी शातीर और कुख्यात है उसके विरूद्ध कोतवाली बैढ़न जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश में हथियार के साथ डकैती की तैयारी करने की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध है। इसके साथ ही साथ ही स्थाई वारंटी भी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी चांदनी रूपेश कुंतल, एएसआई सुप्रियन टोप्पो, प्रधान आरक्षक इसित बेहरा, मनोज वर्मा, आरक्षक कुलदीप तिग्गा, मोतीलाल सक्रिय रहे।

---

# पैसा देने के बहाने दो युवकों की घर में बुलाकर पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के अंदर बुधवार को दर्रीपारा मोहल्ले में हुई मारपीट के मामले में पीड़ित युवकों ने पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाया है। पीड़ित युवकों का कहना है कि पैसा देने के बहाने उन्हें घर बुलाया गया और बेरहमी से पिटाई की गई।

- पुलिस पर लगा एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप, दर्रीपारा में दो गुटों के बीच मारपीट का मामला

जानकारी के अनुसार नगर के दर्रीपारा से बुधवार को दो गुटों में मारपीट और पत्थरबाजी का मामला सामने आया था। उक्त मामले को लेकर पीड़ित आदित्य प्रताप सिंह ने बताया उसने दर्रीपारा निवासी सत्यम सिंह को 90 हजार रुपये उधार दिए थे, जिसे वो काफी दिनो से सत्यम सिंह से मांगने का प्रयास कर रहा था और सत्यम के द्वारा काफी दिनो के टाल मटोल किया जा रहा था। वही पैसो के लिए बार बार फोन किए जाने से सत्यम सिंह काफी नाराज भी था। पीडित आदित्य ने बताया की वह अपने दोस्तो के साथ मार्केट में घूम रहा था उसी दौरान दर्रीपारा निवासी सत्यम सिंह ने फोन कर उधार का पैसा 90 हजार वापस करने के लिए अपने दर्रीपारा निवास के पास बुलाया जिसे लेने के लिए आदित्य अपने दोस्तो के साथ सत्यम सिंह के घर के पास पहुंचा था। आदित्य का आरोप है कि सत्यम सिंह के घर पर उसके अलावा ललित सोनी, हिमांशु सिंह, शैलु सिंह, सुशांत सिंह, मयंक सिंह, नमों नारायण सिंह भी मौजूद थे। जब आदित्य ने अपने पैसे की मांग की तो सत्यम सिंह यह कहते हुए की तु मेरे से पैसा वसूल पाएगा कहते हुए आदित्य से गाली गलौज करने लगा। जब आदित्य और उसके साथियों के द्वारा उनके



गाली गलौज का विरोध किया गया तो सत्यम सिंह और वहां मौजूद उसके साथियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दिया और सत्यम सिंह अपने पिता के साथ आदित्य प्रताप को गले में पहने चैन से उसका गला दबाने लगा, आदित्य का दम घुटता देख दोस्तो के किसी तरह उसे सत्यम सिंह और उसके पिता से उसको छुडाया। मारपीट होता देख आदित्य अपने आप को छुडाकर अपने दोस्तों के साथ वहां से भागने का प्रयास करने लगा लेकिन सत्यम सिंह उसके पिता और अन्य साथियों ने सभी को रोक लिया। वही आदित्य के दोस्त कुणाल साहु ने मौका पाकर अपने बडे भाई विशाल साहु को फोन कर मारपीट और सत्यम सिंह के और उसके साथियों के द्वारा रोक लिए जाने की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही विशाल साहु, सत्यम सिंह के घर के पास पहुंचा और मामले को शांत कराने का प्रयास करने लगा। इसी दौरान सत्यम सिंह के चाचा नरेंद्र सिंह और शैलु सिंह अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंच गए और बिना बात जाने आदित्य और उसके साथियों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। मौका पाकर सत्यम सिंह के साथ खडे उसके पिता और साथियों ने भी घर से हथियार निकाल कर उन सभी को मारने लगे,जिससे आदित्य और उसके साथियों को गंभीर चोटें भी आई हैं। मारपीट बढ़ता देख आदित्य अपने साथियों के साथ वहां से भागने लगा। उनको भागता देख सत्यम सिंह उसके पिता, चाचा सहित ललित सोनी, हिमांशु सिंह, शैलू सिंह, सुशांत सिंह, मयंक सिंह ने उनपर ईट पत्थर और खप्पर फेंक कर मारना शुरु कर दिया,जिससे आदित्य और उसके साथियों को चोटें भी आई। इस दौरान किसी तरह आदित्य और उसके साथी वहां से जान बचाकर सीधे मणिपुर थाना पहुंचे। पीडितों ने मामले की जानकारी मणिपुर थाना प्रभारी को दी। पीडितों का आरोप हैं कि उनके बातों को सुनने के बजाए उलटा उनके उनपर ही केस दर्ज कर दिया गया, पीडितों की मांग की हैं की उनके पक्ष को गंभीरता से लिया जाए। वारदात के जगह की सीसीटीव्ही फुटेज को खंगाला जाए और उसके आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाए।

---

# पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने दुकान की कीमत अधिक रखने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

नवनिर्मित शोपिंग कॉम्प्लेक्स में निर्मित दुकानों की नीलामी राशि को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने विरोध जताया है। कांग्रेस पार्षदों का आरोप है कि पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जान बूझ कर दुकान की राशि बढ़ाकर रखी गई है ताकि मध्यम और निम्न वर्ग के लोग इन दुकानों को हासिल नहीं कर सके। उन्होंने दुकान की राशि कम कर लाटरी पद्धति से नीलामी कराए जाने की मांग की है।

- कांग्रेस पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन, दुकान की राशि कमकर लॉटरी सिस्टम से नीलामी करने की मांग



इस सम्बन्ध में कांग्रेसी पार्षदों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। मांग पूर्ण नहीं होने पर पार्षदों के आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौपने पहुंचे कांग्रेस पार्षदों ने बताया कि नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 9 लखनपुर में नवनिर्मित शॉपिंग कांप्लेक्स के दुकानों को सभी वर्ग में एक सामान रखकर दुकानों की नीलामी की जा रही है जबकि नीलामी राशि अत्यधिक रखकर यह पूरा दुकान पूंजीपतियों के हाथों में सौंपने का कृत्य किया है। नगर में निवास करने वाले सभी गरीब और युवा बेरोजगार तबके के लोग इससे वंचित रहेंगे। टेंडर की राशि के हिसाब से प्रत्येक दुकान की लागत लगभग दो लाख रूपए है जबकि नगर पंचायत के द्वारा एक दुकान की नीलामी राशि शिवम कांप्लेक्स में 913459 एवं अटल परिसर में 540662 रुपए निर्धारित किया गया है। प्रत्येक दुकान पर कुल नीलामी राशि 2.4 प्रतिशत प्रतिमाह किराया भी रखा गया है। जो कि गरीब और युवा बेरोजगार तबके के साथ अन्याय है एवं पूंजी पतियों का विशेष ध्यान रखते हुए नीलामी प्रक्रिया को बनाया गया है। जो पूर्णतः न्यायहित में नहीं है। दुकान निर्माण की जो वास्तविक लागत और उसी को आधार बनाकर दुकान राशि तय करते हुए दुकानों का आवंटन किए जाने को लेकर कांग्रेस पार्षदों द्वारा मांग की जा रही है। मांगे पूरी नहीं होने पर आने वाले समय में कांग्रेस पार्षदों के द्वारा उग्र आंदोलन भी करने की चेतावनी दी गई है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 13,500/
स्पेशल ट्रेन से - 01 जुलाई से 10 जुलाई 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 18,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport